**Himachal Pradesh Board of School Education, Dharamshala-176215**

**क्रमांक हि0शि0बो0/26/जमा दो–1/छात्रवृति/मार्च 2024-11961 दिनांकः 28-01-2025**

## अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है, कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च 2024 में संचलित जमा दो कक्षा परीक्षा के Science Group के 100 तथा Arts & Commerce Group के 100 व दशम् कक्षा की परीक्षा के 400 मेधावी छात्रों को प्रदान की जाने वाली छात्रवृति हेतु Online आवदेन करने लिए योग्यता सूची (Merit list) सहमति पत्र (Acceptance Form) ,बिल प्रपत्र (Bill Form), बोर्ड की वैबसाईट www.hpbose.org में Student Corner की Scholarship link पर उपलब्ध करवा दिए गए है।

सूची में दर्शाये गए परीक्षार्थी, Online आवदेन/बिल प्रपत्र की Hard copies बोर्ड की वैबसाईट से Download कर अपने अध्ययनरत शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्या/संस्था के मुखिया से सत्यापित करवाकर मूल रुप से पंजीकृत डाक के माध्यम से सचिव हि0प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला (कांगडा)–176215 के पते पर अतिम तिथि से दस दिनों के भीतर बोर्ड कार्यालय में पहुँचाना सुनिशचित करेंगे। Online आवदेन करने की तिथि **28-01-2025** से **28-02-2025** निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त आवदेनों पर विचार नही किया जायेगा। जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बधित परीक्षार्थी व प्रधानाचार्य का होगा।

यह भी अधिसूचित किया जाता है कि सम्बन्धित संस्थानो के प्रधानाचार्य यह भी सुनिश्चित करेंगें कि नियमानुसार **Merit cum means scholarship, SC/ST/Backward classes** के लिए आरक्षित छात्रवृति को छोड़ कर अन्य परीक्षार्थियों को केवल एक ही विभाग /संस्था से छात्रवृति देय होगी। जिसके लिए सभी तथ्यों की जांच सम्बधित प्रधानाचार्य को छात्रों के सहमति पत्र/बिल प्रपत्र सत्यापित **(Attested)** करने से पहले करनी होगी, ताकि छात्रवृति एक ही विभाग/संस्था से प्रदान की जा सके। यदि परीक्षार्थी ने बोर्ड छात्रवृति के अतिरिक्त किसी अन्य विभाग से छात्रवृति के लिए आवेदन किया है, तो उसका विवरण हार्ड कॉपी में भी अवश्य दर्शाएं। भुगतान हेतु परीक्षार्थी की बैंक खाते व आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति हार्ड कॉपी के साथ अवश्य करनी होगी।

पात्रता आधार पर जमा दो कक्षा के Science Group के 100 तथा Arts & Commerce Group के 100 दसवीं कक्षा के 400 पात्र मेधावी छात्रों को ही छात्रवृति प्रदान की जायेगी। जिसका चयन नियमानुसार तैयार **Final merit list** पर निर्भर होगा।

**उप सचिव**
कृते सचिव

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि दिनांकः
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित हैः–

1 निजी सहायक,मा0,अध्यक्ष/सचिव महोदया हि0प्र0स्कूल शिक्षा बोर्ड।
2 उप नियत्रक(वित एवं लेखा) हि0प्र0स्कूल शिक्षा बोर्ड।
3 प्रभारी,लोक सम्पर्क अधिकारी,स्कूल शिक्षा बोर्ड को इस आशय के साथ कि इस अधिसूचना की प्रैस विज्ञप्ति समाचार पत्रों में जारी करें।
4 प्रभारी (ITCell) इस आशय के साथ कि अधिसूचना को बोर्ड की वैबसाईट पर अपलोड करें।

**उप सचिव**
कृते सचिव